कर्मचारियों की हड़ताल, दो मरीजों की मौत

Jan 24, 2016, 06.30 AM IST

- आउटसोर्सिंग कर्मचारियों ने वेतन न मिलने पर किया काम ठप

- नर्सिंग सेवाएं बुरी तरह हुईं प्रभावित, ओटी में नहीं हुई सफाई

एनबीटी, लखनऊ : केजीएमयू के आउटसोर्सिंग पर काम कर रहे 2500 कर्मचारियों ने दो महीने से वेतन न मिलने पर शनिवार को हड़ताल कर दी। ट्रॉमा सेंटर के गेट पर घंटों तक चले प्रदर्शन की वजह से दो मरीजों की इलाज न मिलने के कारण मौत हो गई। बिहार से आए केदार (55) प्रदर्शन के कारण ट्रॉमा सेंटर के अंदर नहीं जा सके। तीमारदार उन्हें किसी और अस्पताल ले जाने की तैयारी कर ही रहे थे, इसी बीच केदार ने दम तोड़ दिया। उधर, सड़क हादसे में घायल मऊ निवासी राम सेवक की भी गेट के बाहर मौत हो गई। तीमारदारों ने आरोप लगाया कि कर्मचारियों ने उन्हें ट्रॉमा सेंटर के अंदर जाने ही नहीं दिया।

छह घंटे चला प्रदर्शन

सुबह दस बजे सभी आउटसोर्सिंग कर्मचारियों ने काम बंद कर दिया और वीसी ऑफिस के सामने प्रदर्शन करने लगे। किसी अधिकारी के वार्ता के लिए न आने पर कर्मचारी ट्रॉमा सेंटर पहुंच गए और गेट पर प्रदर्शन शुरू कर दिया। प्रदर्शन की सूचना मिलते ही केजीएमयू प्रशासन ने पुलिस बुला ली, लेकिन कर्मचारियों के आगे उनकी नहीं चली। हाल यह हो गया कि ट्रॉमा सेंटर के सामने प्रदर्शन के दौरान मरीजों को अंदर जाने नहीं दिया गया। दूसरे शहरों से आए गंभीर मरीज प्रदर्शन के कारण लौट गए। शाम 4 बजे जब ट्रॉमा सेंटर प्रभारी डॉ. सुरेंद्र कुमार ने कर्मचारियों को लिखित में मांगें पूरी करने का आश्वासन दिया तब जाकर हड़ताल खत्म हुई।



केजीएमयू में ठेकेदार 2500 आउटसोर्सिंग कर्मचारियों से काम करा रहे हैं। इनमें नर्स, वार्ड बॉय और चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी हैं। शुक्रवार को कर्मचारियों के काम न करने से वार्डों में गंदगी फैली रही। ओटी में भी सफाई नहीं हुई। सभी सर्जरी विभाग और आर्थो वार्ड में तीमारदारों ने ही अपने मरीजों के यूरिन बैग साफ किए। नर्स न होने से मरीजों को ड्रिप चढ़ाने और दवा देने में भी दिक्कत हुई।

वापस ले गए एंबुलेंस

108 एंबुलेंस से सीतापुर अस्पताल से रेफर होकर ट्रॉमा सेंटर आए शिवकुमार के लिवर में घाव था। तीमारदारों ने बताया कि प्रदर्शन के कारण वे मरीज को बिना एंबुलेंस से उतारे ही बलरामपुर अस्पताल चले गए। इसी तरह बिसवां से एंबुलेंस में आए दो मरीज रमा और कला को भी घरवाले बिना एंबुलेंस से उतारे ही दूसरे अस्पताल लेकर चले गए। प्रदर्शन के दौरान 15 से अधिक मरीज बाहर से ही लौट गए।

रजिस्ट्रार और एमएस को घेरा

हड़ताल कर रहे कर्मचारियों ने रजिस्ट्रार ऑफिस और एमएस का भी घेराव किया। रजिस्ट्रार डॉ. शैलेंद्र कुमार कर्मचारियों की मांगों को पूरा करने का आश्वासन देकर जैसे-तैसे वहां से चले गए। इसके बाद कर्मचारी एमएस डॉ. विजय कुमार के पास पहुंचे, लेकिन वहां भी सुनवाई नहीं हुई।

कर्मचारियों की प्रमुख मांगें

4 ।

- लाहिया सस्थान क कमचारिया क बराबर वतन।

- आउटसोर्सिंग स्टाफ और उनके परिवारीजनों का निशुल्क इलाज।

- आउटसोर्सिंग स्टाफ को निकालने से पहले कारण बताओ नोटिस दिया जाए।

- आउटसोर्सिंग स्टाफ का ट्रांसफर एक साल पूरा होने से पहले न किया जाए।

वर्जन

ट्रॉमा प्रभारी ने कर्मचारियों की मांगों के संबंध में 15 दिन में विचार करने का आश्वासन दिया है। इनके ठेकेदार से बात कर कर ली गई है। सोमवार को सभी कर्मचारियों का वेतन जारी कर दिया जाएगा।

- डॉ. विजय कुमार, एमएस, केजीएमयू

डाउनलोड करें Hindi News ऐप और रहें हर खबर से अपडेट।

हर ताज़ा अपडेट पाने के लिए NBT के फ़ेसबुक पेज को लाइक करें।

चर्चित विडियो

सास को बेरहमी से पीटते हुए


शादी-शुदा महिला से गैंग रेप,

बाबा रामदेव संग शिल्पा शेट्टी

पुलिस के सामने से पति को

कैमरे में कैद हुई बहू | 40 दिनों बाद MMS हुआ लीक | का 'मजेदार' योग | ले उड़ीं JDU विधायक

FROM WEB

Investment that can save your tax
MyUniverse

Get 66% off on adda52.com. Use code: TIMES1100
Adda52

Open a demat account with Sharekhan & learn online trading.
ShareKhan

FROM NAVBHARAT TIMES



From the Web

What's the Honda revolution everyone's been talking about?
Honda Car India

This New Year, get benefits of Rs. 81,000* on Renault Duster
RENAULT

Breaking now - Amazing credit card offers
Bankbazaar

Top 5 real estate destinations to invest in 2016
Prop Tiger

Choose your medical plan
ICICI Lombard

More from The NBT

अब LPG सिलिंडर के लिए ऑनलाइन करें पेमेंट

अमित शाह ने लिया आडवाणी का आशीर्वाद

बाबरी ध्वंस पर बोले मुलायम, '...कुछ भी करता'

वेमुला मामले में स्मृति ईरानी पर FIR की तैयारी

शरीफ ने कहा, भारत के सबूतों को गोल भी कर सकता था

Bharti AXA Health Plan
Enjoy Low Premium of Rs5.5/Day with No Medical checkup upto 55yrs. Buy!
bharti-axagi.co.in/Health-Insurance

Knee Pain Physiotherapy
Knee Pain Treatment at Home Book Home Visit. Contact Now!
portea.com/Physiotherapy-Treatment/

Ads by Google